कक्षा–1, वर्कशीट-23 (साप्ताहिक)

पाठ– 23 (सात पूँछ का चूहा)

| | |
|---|---|
| बच्चे का नाम........................ | स्कूल........................................ |
| अभिभावक का नाम.................. | मोबाइल नम्बर.............................. |

*अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।*

**गतिविधि 1.** *अभिभावक बच्चों के साथ आस–पास दिखने वाले जानवरों पर भरपूर बातचीत करने का प्रयास करें। जैसे– चित्र दिखाते हुए बच्चों से पूछें कि चित्र में क्या–क्या दिखाई दे रहा है। चित्र में कौन–कौन से जानवर दिखाई दे रहे हैं और ये क्या कर रहे हैं। चूहे की कितनी पूँछ होती हैं। क्या ये चूहे आपस में बातचीत कर रहे हैं। चूहा घर में क्या–क्या समान को कुतरता है। जैसे आप रोटी, सब्जी, चावल, दाल, फल, मिठाई आदि चीजें खाते हैं। चूहे क्या खाते होंगे?*





**गतिविधि 2.** *ऊपर दिए गए चित्र को देखते हुए आप बच्चों से चित्र पर चर्चा करने का प्रयास करें कि ये कौन–कौन से जानवर हैं और क्या कर रहे हैं दो तीन बातें लिखने का प्रयास करें।*

1. ................................................
2. ................................................
3. ................................................

**गतिविधि 11.** *अभिभावक बच्चों को नीचे दी गई कहानी "नुकीला काँटा" को पढ़ने में मदद करें तथा प्रश्नों के जवाब देने तथा लिखने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करें।*

**चाँदनी ताँगे से गाँव पहुँची। गाँव में चाँदनी मीरा से मिली। वहाँ एक गहरा कुआँ था। चाँदनी व मीरा कुँए पर पानी लेने गए। मीरा के दाएँ पाँव में काँटा लग गया। काँटा नुकीला था। मीरा की आँखों में आँसू आ गये। चाँदनी ने मीरा का काँटा निकाला। तब जाकर मीरा को राहत मिली। उसने चाँदनी को गले लगा लिया।**

*प्रश्न –1 चाँदनी गाँव कैसे पहुँची ?*
*उत्तर –1 ————————————————————————*
*प्रश्न –2 चाँदनी और मीरा पानी लेने कहाँ गए?*
*उत्तर –2 ————————————————————————*
*प्रश्न –3 मीरा की आँखों में आँसू क्यों आ गए ?*
*उत्तर –3 ————————————————————————*

**गतिविधि 12.** *अभिभावक बच्चों को नीचे दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर वाक्य को पूरा करने में मदद करें।*

*एक था ————————————————। ( बिल्ली / चूहा )*
*उसकी थी ——————————पूँछ । ( सात / एक)*
*चूहा गया ————————पास । दर्जी / नाई )*
*नाई ने एक ————————————काट दी। ( कान / पूँछ )*
*अब चूहे के पास बची ——————————पूँछ । (एक/ कुछ भी नहीं)*

**गतिविधि 13.** *बच्चों नीचे दिए गए चित्र को बनायें और उसमें रंग भरें।*




*वर्कशीट निर्माता– अनुसूया प्रसाद*
*थराली, चमोली*

*तकनीकी सहयोग*
*– रूम टू रीड इण्डिया ट्रस्ट*

**गतिविधि 3.** अभिभावक बच्चों से ढ तथा ँ की आवाजों से शुरू होने वाले चित्रों की पहचान करें और चित्रों के निचे दिए गए बॉक्स में सही का निशान लगायें।






| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

**गतिविधि 4.** अभिभावक बच्चों को ँ, ढ की पहचान कराकर आगे दो बार ँ, ढ लिखने का अवसर दें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ँ | ँ | ँ | | |
| ढ | ढ | ढ | | |

**गतिविधि 5.** अभिभावक बच्चों को निम्न शब्दों को पढ़ाने का अभ्यास करें साथ ही बच्चे शब्दों को पढ़कर लिखें।

**दूर, नेक, खूब, सूत, माई, केला, मेला, कूपन, चाँद, साँवला, खाँसी, गाँव, काँच, ढपली, ढक्कन, ढेला, बाँस, आँगन, फलदार**

.................................................................................................................................

**गतिविधी 6.** अभिभावक बच्चों को नीचे दी गई कहानी सात पूँछ का चूहा को हावभाव के साथ पढ़कर सुनाएँ तथा बच्चों को भी अपने साथ कहानी पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**23. सात पूँछ का चूहा**

एक था चूहा। उस चूहे की सात पूँछें थीं।
सब उसे चिढ़ाते – सात पूँछ का चूहा, सात पूँछ का चूहा।
तंग आकर चूहा गया नाई के पास। उसने नाई से कहा – ए नाई, मेरी एक पूँछ काट दो।
नाई ने एक पूँछ काट दी। अब उसके पास बची सिर्फ़ छह पूँछें।
अगले दिन जैसे ही चूहा बाहर निकला, सब उसे चिढ़ाने लगे छह पूँछ का चूहा, छह पूँछ का चूहा।
चूहा फिर से तंग आ गया। वह गया नाई के पास।
उसने कहा – ए नाई, मेरी एक पूँछ और काट दो।
नाई ने एक पूँछ और काट दी। अब उसके पास बचीं सिर्फ़ पाँच पूँछें।



पर अगले दिन सब उसे फिर से चिढ़ाने लगे – पाँच पूँछ का चूहा, पाँच पूँछ का चूहा।
चूहा गया नाई के पास - ए नाई, मेरी एक पूँछ और काट दो। नाई ने एक पूँछ और काट दी। अब उसके पास बचीं सिर्फ़ चार पूँछें।
पर सब उसे फिर से चिढ़ाने लगे – चार पूँछ का चूहा, चार पूँछ का चूहा।
चूहा गया नाई के पास। नाई ने एक पूँछ और काट दी। अब उसके पास बचीं सिर्फ़ तीन पूँछें।



पर सब उसे चिढ़ाते तीन पूँछ का चूहा, तीन पूँछ का चूहा।
चूहा गया नाई के पास।
नाई ने एक पूँछ और काट दी। अब उसके पास बचीं दो ही पूँछें।
पर सब उसे चिढ़ाते – दो पूँछ का चूहा, दो पूँछ का चूहा।
तो चूहा गया नाई के पास। नाई ने एक पूँछ और काट दी। अब वह एक पूँछ का चूहा हो गया।
पर सब उसे चिढ़ाते। एक पूँछ का चूहा, एक पूँछ का चूहा।
तो चूहा गया नाई के पास। नाई ने आखिरी पूँछ भी काट दी। अब पूँछ ही नहीं बची।
लेकिन फिर भी सब चूहे को चिढ़ाते - बिना पूँछ का चूहा, बिना पूँछ का चूहा।



**गतिविधि 7.** बच्चों को कहानी में आए निम्न दो शब्दों के अर्थ और वाक्य में प्रयोग करके बतायें तथा बच्चे भी वाक्य प्रयोग कर वाक्य को लिखें।

चिढ़ाना – ______________________________________________

तंग – ______________________________________________

**गतिविधि 8.** नीचे दिए गए ग्रिड में कुछ कहानी से संबन्धित शब्द हैं। आप उन पर गोला लगायें और खाली स्थान में लिखें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पूँ | छ | चि | ढा | ते |
| तं | ग | आ | क | र |
| आ | खि | र | ना | ई |
| चू | हा | नि | क | ला |
| द | र्जी | सा | त | क |

1 ..............................
2 ..............................
3 ..............................
4 ..............................
5 ..............................

**गतिविधी 9.** अच्छा बच्चों अभी आपने अभिभावक के सहयोग से सात पूँछ का चूहा कहानी को सुना और स्वयं पढ़ने का अभ्यास किया, अब नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखें।

**प्रश्न– 1 क्या चूहे कि सात पूँछ थी ?**
**उत्तर –1** ______________________________________________
**प्रश्न –2 चूहा नाई के पास कितनी बार पूँछ कटवाने गया ?**
**उत्तर –2** ______________________________________________
**प्रश्न –3 चूहा क्यों बार–बार नाई से पूँछ कटवाता था ?**
**उत्तर –3** ______________________________________________

**गतिविधी 10.** अच्छा बच्चों नीचे दिए गए जानवरों को ध्यान से पहचानो तथा निम्न जानवरों में किस–किस की लम्बी पूँछ होती है, पहचानकर क्रम से नाम लिखने का प्रयास करें।



................................................
.....................................

................................................
.....................................